Roll No. ......................

# CCFP–01

## Introduction to Flower Production Technology

Certificate in Commercial Flower Production
(CCFP–16)

First Semester, Examination, 2017

**Time : 3 Hours** **Max. Marks : 35**

नोट : यह प्रश्न पत्र पैंतीस (35) अंकों का है जो तीन (03) खण्डों 'क', 'ख' तथा 'ग' में विभाजित है। शिक्षार्थियों को इन खण्डों में दिए गए विस्तृत निर्देशों के अनुसार ही प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

खण्ड–क

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'क' में चार (04) दीर्घ उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए साढ़े सात ($7\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल दो (02) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. भारत में अलंकृत बागवानी की वर्तमान स्थिति तथा इसको बढ़ावा देने के लिए सुझाव दीजिए।
2. पौधशाला को परिभाषित कीजिए। पौधशाला के लिए स्थान व भूमि के चुनाव के लिए किन-किन बातों का ध्यान रखेंगे ?
3. चट्टानीय उद्यान क्या है ? इसके लिए दस उपयुक्त पौधों की सूची तैयार कीजिए।

4. बोनसाई पौधे बनाने की विधि का सविस्तार वर्णन कीजिए।

## खण्ड–ख

## (लघु उत्तरीय प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ख' में आठ (08) लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए ढाई ($2\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित हैं। शिक्षार्थियों को इनमें से केवल छः (06) प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

1. लैण्डस्केप गार्डन की परिभाषा समझाइये।
2. चट्टानीय उद्यान के महत्त्व को लिखिए।
3. पोटिंग तथा री-पोटिंग के समय ली जाने वाले सावधानियाँ संक्षेप में लिखिए।
4. गमलों में पौधे लगाने से क्या हानियाँ होती हैं ? संक्षेप में लिखिए।
5. बोनसाई को प्रतिकूल वातावरणीय दशाओं से बचाव के उपाय लिखिए।
6. कौन-कौन से जैविक कीटनाशी का उपयोग अलंकृत बागवानी में किया जाता है ? संक्षेप में लिखिए।
7. विभिन्न पुष्पों के लिए जैविक खादों का वर्णन कीजिए।
8. निम्नलिखित सिंचाई की विधियों पर टिप्पणियाँ कीजिए :

   (अ) कटवा विधि

   (ब) ड्रिप सिंचाई

## खण्ड–ग

## (वस्तुनिष्ठ प्रश्न)

नोट : खण्ड 'ग' में दस (10) वस्तुनिष्ठ प्रश्न दिये गये हैं। प्रत्येक प्रश्न के लिए आधा ($\frac{1}{2}$) अंक निर्धारित है। इस खण्ड के सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

1. मुगल गार्डन दिल्ली में स्थित है। (सत्य / असत्य)
2. बंगलौर में बोगनवेलिया पर अनुसंधान कार्य किया जा सकता है। (सत्य / असत्य)
3. कैक्टस धूप वाला स्थान चाहता है। (सत्य / असत्य)
4. जैविक विधि से वायु संचार बढ़ जाता है। (सत्य / असत्य)
5. शालीमार बाग शहाजहाँ ने बनवाया था। (सत्य / असत्य)
6. आकाश नीम पर पीले पुष्प आते हैं। (सत्य / असत्य)
7. अमलतास के फूल जाड़ों में खिलते हैं। (सत्य / असत्य)
8. पब्लिक पार्क का आकर छोटा होता है। (सत्य / असत्य)
9. बरबीना मालवेशी कुल का पौधा है। (सत्य / असत्य)
10. विनका पौधा छायादार स्थान चाहता है। (सत्य / असत्य)